# रिदमा काकानी बनी मिसेज सेंट्रल इंडिया 2026




नवभारत न्यूज

**रतलाम।** शहर की रिदमा काकानी ने मिसेज सेंट्रल इंडिया सीजन का खिताब अपने नाम किया। इसके पहले महाराष्ट्र में रनर का खिताब भी जीत चुकी है। रतलाम आने पर रिदमा पत्रकारों से मुखातिब हुई। प्रेस क्लब भवन में आयोजित

**उपलब्धि के बाद रतलाम आए रिदमा पत्रकारों से हुई रूबरू, महाराष्ट्र में रनर अप का जीता खिताब**

पत्रकार वार्ता में प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय, सहसचिव दिनेश बरमेचा पूर्व अध्यक्ष रमेश टाक ने पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। अपने मन की बात बताते हुए रिदमा कहा कि महिलाओं को सपने देखना नहीं छोड़ना चाहिए। महिलाओं के सपनों को हकीकत की जमीन ही नहीं पूरा आसमान में मिलता है। खास बात तो यह है कि इसमें उम्र कोई बाधा नहीं बनती है। झिझक छोड़ना होती है। हर उम्र में अपनी प्रतिभा को पंख लगा सकते हैं। रिदमा पुणे में आई टी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। रिदम ने हाल ही में दो उपलब्धियां प्राप्त की है। 21 फरवरी 2026 में 'द पेजेण्ट कंपनी द्वारा भोपाल में आयोजित मिसेज सेंट्रल इंडिया में विजेता का खिताब जीता है। इसके पहले 21 दिसंबर 2025 में पुणे में 'द पेजेण्ट कंपनी द्वारा आयोजित मिसेज महाराष्ट्र में रनर अप का खिताब अपने नाम किया है। गायन और नृत्य का शौक रखने वाली 34 वर्षीय रिदमा अपनी उपलब्धि का श्रेय जीवन साथी शैंकी भसीन के साथ ही रतलाम की गुलमोहर कॉलोनी निवासी पिता दिनेश और मां ललिता काकानी, भाई अंकित और भाभी पल्लवी को देती हैं। इन्होंने मुझे हमेशा आगे बढ़ाया और आज इस मुकाम पर पहुंची हूं। जूरी की भूमिका मयूरी सूर्यवंशी, शाहीन चौधरी, अंजलि लालवानी, हीरा वारिना, काल मास्करेनहाडा, जागृति अग्रवाल, डॉ. स्वाति जैन, गज़ल सचदेव, प्राजक्ता भोयर और रचना वर्मा ने निभाई।

**21 फरवरी को भोपाल में हुआ आयोजन**

रिदमा ने बताया कि 21 फरवरी को मिस एंड मिसेज सेंट्रल इंडिया का आयोजित किया गया। 45 प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। यहां पर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज अमन वर्मा, हीरा वारना और फेमस डायरेक्टर बेजॉय नाम्बियार, फैशन जगत की हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के चीफ गेस्ट के रूप में शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी दिलीप सूर्यवंशी एवं विधायक भगवान दास सबनानी उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय एंबेसडर 2026 मंजरी सिन्हा, डॉ. स्वाति जैन, डॉ. पूर्णिमा तिवारी, मिस पूर्णिमा सुनमोरिया, ज्योति झरबड़े, रेखा मारवाल विशेष रूप में मौजूद थे।

**महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक मंच:** रिदमा ने बताया कि इवेंट मैनेजर हिमानी सिंह आरुषि मिश्रा कोरियोग्राफर एवं रैम्प वॉक डायरेक्टर पूजा सिंह तथा भोपाल सिटी डायरेक्टर मनीषा आनंद के नेतृत्व में यह आयोजन महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक मंच बनकर उभरा।

# बसों के पहिए थमने के आसार, नई स्टेज कैरिज नीति से नाराज बस संचालक

**रतलाम।** प्रदेश में स्टेज कैरिज बसों के संचालन को लेकर लागू की गई नई नीति के विरोध में बस संचालकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बस मालिकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शासन ने ध्यान नहीं दिया तो 2 मार्च से पूरे प्रदेश में निजी बसों का संचालन अनिश्चितकालीन रूप से बंद कर दिया जाएगा।

**2 मार्च से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी**

मंगलवार को रतलाम जिला बस संचालक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। बस संचालकों ने नई नीति को दमनकारी बताते हुए कहा कि इससे उनका व्यवसाय संकट में आ जाएगा।

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुबेंद्रसिंह गुर्जर ने बताया कि 22 फरवरी को सागर में प्रदेशभर के बस मालिकों और संगठनों की अहम बैठक हुई थी।

बैठक में विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि यदि नीति में संशोधन नहीं किया गया तो हड़ताल के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

बस संचालकों का कहना है कि वे पूर्व में भी अपनी समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। अधिकारियों की अनदेखी के कारण उन्हें मजबूरी में बसों के पहिए रोकने का निर्णय लेना पड़ रहा है।

यदि हड़ताल होती है तो इसका सीधा असर आम यात्रियों, ग्रामीण क्षेत्रों और रोजाना आवागमन करने वाले लोगों पर पड़ेगा। फिलहाल शासन की ओर से इस मामले में किसी ठोस प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है।



## महिला मंडल ने मनाया फागोत्सव

**रतलाम।** अखिल भारतीय श्री टाक महासभा मप्र महिला मंडल ने रविवार को रामबाग हनुमान मंदिर में रंगारंग फागोत्सव मनाया। पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष रमेश टाक व क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय टाक, महिला मंडल अध्यक्ष संध्या टाक सहित कार्यकारिणी ने राधे कृष्णा की तस्वीर पर माल्यार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फागोत्सव में महिलाओं ने पारंपरिक पोशाक पहनकर राधा-कृष्ण के भजनों पर नृत्य कर फूलों और गुलाल के साथ होली खेली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा कृष्ण के रूप में सजे कलाकार की पारंपरिक फाग गीतों की प्रस्तुति रही। महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। भजनों के साथ ढोलक की थाप पर महिलाएं जमकर झूमती नजर आईं। आयोजन का उद्देश्य सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखना और महिलाओं के बीच आपसी प्रेम और सामाजिक एकता को बढ़ाना है। आयोजन में प्रदेश की कई गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में फूलों और गुलाल से होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी।

## कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के प्रयासों से आरडीए को 25 करोड़ का ऋण स्वीकृत

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** बजट की कमी से अटकी रतलाम विकास प्राधिकरण की योजनाओं को अब गति मिलने वाली है। कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के प्रयासों से हाऊसिंग एण्ड अर्बन डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन

**स्वीकृत ऋण से ट्रांसपोर्ट नगर सहित आरडीए की अन्य योजनाएं क्रियान्वित होगा**

लिमिटेड (हुड़को) ने आरडीए को 25 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया है। इससे बहुप्रतिक्षित ट्रांसपोर्ट नगर सहित आरडीए की अन्य योजनाएं क्रियान्वित होगी।

कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप ऋण की इस स्वीकृति के लिए लगातार प्रयासरत थे। उन्होंने शासन के साथ हुड़को को भी पत्र लिखा था। ट्रांसपोर्ट नगर की योजना रतलाम की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिससे



शहर के विकास को नई गति मिलेगी और रोजगार के अवसर भी निर्मित होंगे। ट्रांसपोर्ट नगर के साथ-साथ आरडीए की अन्य योजनाएं भी इस ऋण से आगे बढ़ेगी। हुड़को ने आरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखे गए 20 फरवरी के पत्र में 25 करोड़ के ऋण की स्वीकृति दी है। हुड़को के अनुसार ऋण का उपयोग केवल संचालन आवश्यकताओं में होगा।

## रतलाम में 2 मार्च को होगा होलिका दहन, 3 को मनेगी धुलंडी

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** होलिका दहन एवं धूलेंडी पर्व को लेकर जनमानस में उत्पन्न संशय के समाधान हेतु स्थानीय मानस धाम में ज्योतिषाचार्यों एवं कर्मकांड करने वाले विप्रबंधुओं की बैठक हुई।

**चंद्रग्रहण को लेकर ज्योतिषाचार्यों ने जारी किए निर्देश**

बैठक में सर्वसम्मति से तिथि, मुहूर्त एवं ग्रहण संबंधी दिशा-निर्देश घोषित की।

बैठक में बताया गया कि पूर्णिमा तिथि का आरंभ 2 मार्च सायं 5:55 बजे से होगा, जो 3 मार्च सायं 5:8 बजे तक रहेगी। इस अनुसार होलिका दहन 2 मार्च को प्रदोष काल में किया जाना श्रेष्ठ रहेगा। अत: सायं 6:27 से रात्रि 8:56 के मध्य होलिका दहन का शुभ मुहूर्त प्राप्त हो रहा है। अगले दिन 3 मार्च, मंगलवार को पूर्णिमा तिथि में धूलेण्डी (धूलोत्सव) मनाया



जाएगा। रंग पंचमी का उत्सव 8 मार्च, रविवार को श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसी क्रम में 10 मार्च, मंगलवार को श्री शीतला माता का विधिवत पूजन किया जाएगा। तत्पश्चात 13 मार्च, शुक्रवार को दशा माता का पूजन श्रद्धालुओं द्वारा परंपरानुसार संपन्न किया जाएगा।

बैठक में महर्षि संजयशिवशंकर दवे, आचार्य जीवन पाठक, पं. चेतन शर्मा, पं. ओम प्रकाश शर्मा, पं. मुकेश शर्मा, पं. राजेश व्यास, पं. अथर्व शर्मा सहित वैदिक जागृति ज्ञान विज्ञान पीठ, ज्योतिष शिक्षण जनकल्याण समिति, अभा पुजारी महासंघ के पदाधिकारी व मंदिरों में सेवा देने वाले विप्रबंधु उपस्थित रहे।

**सूतक काल संबंधी निर्देश:** चंद्रग्रहण के कारण सूतक काल विभिन्न स्थानों पर चंद्रोदय से 12 घंटे पूर्व प्रारंभ आरम्भ जाएगा। अत: प्रात: 6:33 बजे से सूतक प्रभावी रहेगा। शास्त्रों के अनुसार सूतक काल में भोजन एवं सांसारिक भोगों का त्याग करना चाहिए। हालांकि बालक, वृद्ध, रोगी, गर्भवती स्त्री एवं अशक्त व्यक्ति आवश्यकता अनुसार ग्रहण आरंभ होने से 5 घंटे पूर्व तक सात्विक आहार ग्रहण कर सकते हैं। ग्रहण काल में ईष्ट आराधना, जप, ध्यान एवं मंत्र साधना को विशेष पुण्यदायी बताया गया है। श्री सिद्धविजय पञ्चाङ्ग क़े अनुसार 3 मार्च, मंगलवार को ग्रहण होने के कारण नगर के समस्त देवालयों में प्रात: 6:33 बजे से पूर्व मंगला आरती सम्पन्न कर मंदिरों के पट बंद कर दिए जाएंगे। ग्रहण अवधि के दौरान मंदिरों में नियमित दर्शन एवं पूजा-अर्चना स्थगित रहेगी। ग्रहण समाप्ति पश्चात सायं 6:47 उपरान्त मंदिरों को पुन: खोला जाएगा।

**3 को खग्रास ग्रस्तोदय चंद्रग्रहण**

3 मार्च को खग्रास ग्रस्तोदय चंद्रग्रहण भी रहेगा। चंद्रोदय सायं 6:33 बजे होगा। ग्रहण समाप्ति 6:47 बजे होगी। स्थानीय दृश्य ग्रहण काल 14 मिनट का रहेगा। मूल पर्वकाल 3 घंटे 27 मिनट का रहेगा, किंतु ग्रहण का आरंभ चंद्रोदय से ही मान्य होगा।




## किसान महाचौपाल में शामिल होने वाहनों से भोपाल पहुंचे कांग्रेसी

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** मंगलवार को शहर सराय से रतलाम कांग्रेस का दल भोपाल के लिए रवाना हुआ। कांग्रेस द्वारा भोपाल में आयोजित विशाल किसान महाचौपाल में शामिल होने हेतु रतलाम से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रवाना हुए।

मध्यप्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर आयोजित इस महा चौपाल में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शामिल हुए। रतलाम शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा के नेतृत्व में सुबह 6.30 बजे शहर सराय चौराहे से सेकड़ों चार पहिया वाहनों का काफिला भोपाल के लिए रवाना हुआ। काफिले में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं किसान प्रतिनिधि शामिल रहे। श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस किसान विरोधी नीतियों एवं अमेरिका से किए गए समझौते के विरोध में यह आंदोलन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के कुछ भाजपा मंत्री आपत्तिजनक एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर विपक्षी नेताओं और आम जनता को आहत कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष के मार्गदर्शन में भोपाल से केंद्र सरकार को किसानों के हितों की रक्षा हेतु कदम उठाने की चेतावनी देंगे।

## कैलाश पटेल बने सांसद प्रतिनिधि

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद रतलाम ग्रामीण के वरिष्ठ नेता कैलाश पटेल (पाटीदार) को पहली बड़ी जिम्मेदारी मिली है। रतलाम-झाबुआ संसदीय क्षेत्र की सांसद अनीता नागरसिंह चौहान ने उन्हें अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। सांसद अनीता चौहान ने कलेक्टर के नाम जारी पत्र में भाटीबड़ौदिया निवासी कैलाश चंद्र पाटीदार को अधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त करने की जानकारी दी। दिए गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि उनकी अनुपस्थिति में श्री पटेल बैठकों एवं प्रशासनिक कार्यों में सांसद के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है कि कैलाश पटेल लंबे समय तक कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता रहे और जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। हालांकि चुनाव के



दौरान पार्टी नेतृत्व की अनदेखी और स्थानीय मुद्दों की उपेक्षा से नाराज होकर उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी और बाद में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। भाजपा में शामिल होने के बाद से ही उनके समर्थक उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने की उम्मीद लगाए हुए थे। अब सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर समर्थकों में हर्ष का माहौल है।

## टीकाकरण प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया, दो को नोटिस

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जिले में दस्तक अभियान का 17 फरवरी से 22 मार्च तक चलाया जा रहा हैं। अभियान मे 9 माह से 5 वर्ष आयु के बच्चों को

**सीएमएचओ ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया**

विटामिन ए का घोल एवं आयरन फोलिक एसिड का अनुपुरण दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे व प्रभारी सीपीएचसी सलाहकार लोकेश वैष्णव द्वारा शहरी क्षेत्र रतलाम में संजीवनी क्लीनिक रामगढ़, रतलाम ग्रामीण के आयुष्मान आरोग्य मंदिर -कनेरी एवं टीकाकरण सत्र स्थल-मथुरी का निरीक्षण किया गया।



टीकाकरण स्थल मथुरी में भी निरीक्षण में एएनएम सीमा सिलावट को बीपी इंस्ट्रूमेंट, स्टेथोस्कोप, डिजिटल थर्मामीटर, हिमोग्लोबीनोमीटर, यूरिन एल्ब्यूमिन कीट, गर्भवती महिलाओं की हाई रिस्क सूची, एंट्री करने वाला टैबलेट, फीटल डाप्लर, इंफेटोमीटर, ओजीटीटी हेतु प्लास्टिक ग्लास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती बबीता से दस्तक अभियान अंतर्गत सैम व मेम बच्चों की जानकारी मांगी जिस पर उनके द्वारा 11 बच्चे मैम में होना बताया गया। सीएमएचओ ने एएनएम द्वारा टीकाकरण के निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन नहीं किए जाने पर दोनों स्थानों की एएनएम व आशा कार्यकर्ता को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर कनेरी पर भवन पूर्ण होने पर लाइट कनेक्शन कर शीघ्र चालू करने के निर्देश ब्लाक मेडिकल आफिसर को दिए गए। रामगढ़ संजीवनी में डॉ स्वलेहा खान से जांच व उपचार संबंधी जानकारी ली। एएनएम लाड़ कुंवर से टीकाकरण संबंधित लॉजिस्टिक व समस्त रिकार्ड देखा गया। एएनएम व आशा कार्यकर्ता को निर्धारित गणवेश में रहने को कहा। इस दौरान विभिन्न एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुत्ते घरों के बाहर खड़ी कार, दो पहिया वाहनों को पहुंचा रहे नुकसान

**जावरा।** शहर के पॉश इलाके के लोग इन दिनों दहशत के साये में है। यहां कुत्तों का खौफ इस कदर बढ़ गया है कि लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। यही नहीं कुत्ते अब घरों के बाहर खड़ी कारों, दो पहिया वाहनो को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। सोमवारीया निवासी आशीष सकलेचा ने बताया की कुत्तो के रात मे आने जाने वाले दुपहिया वाहन चालको पर लपकते काटने के डर से तेज रफ्तार से वाहन चलाने पर संतुलन बिगड़ने से दुर्घटनाए हो रही है। साथ ही घर के बाहर स्कूटी की सीट आए दिन कुत्ते फाड़ रहे है। जिससे अनावश्यक रूप से 300- 400 रु खर्च हो रहे है। सकलेचा ने शासन- प्रसाशन से इस और ध्यान देकर शहर वासियो को राहत प्रदान करने की मांग की है।

## गाडगे बाबा की जयंती और फाग उत्सव मनाया



**जावरा।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ, रजक महिला मण्डल एवं रजक युवा संगठन जावरा के पदाधिकारी-सदस्यो एवं समाजजन द्वारा सोमवार को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी फाग महोत्सव एवं संत शिरोमणी श्री गाडगे बाबा की जयंती एक साथ मनाई गई। सर्वप्रथम समाजजन द्वारा चल समारोह निकाला गया। फिर बोर्डिया कुंआ स्थित त्रिमूर्ति हनुमानजी मंदिर परिसर मे फूलों से फाग उत्सव मनाया। बाद में श्री गुरुदेव की महाआरती की गई। इसमौके पर बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आभार रजक महिला मंडल अध्यक्ष सीता मावर एवं रजक युवा संगठन संरक्षक हरीश बामनिया ने माना।

## श्री सिद्ध विनायक गणेश मन्दिर की 15 वी वर्षगांठ पर भंडारे का आयोजन

नवभारत न्यूज

**जावरा।** रतलाम रोड़ स्थित 220 केवीए बिजली उपकेंद्र परिसर में श्री सिद्ध विनायक मन्दिर की वर्षगांठ के अवसर पर हवन, पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। प्रात: 9 बजे हवन हुआ, तत्पश्चात महाआरती की गई। इसके बाद भंडारा हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसादी ग्रहण की। वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्री सिद्ध विनायक मन्दिर को रंग-बिरंगे फूलों व गुब्बारों से सजाया गया। श्री गणेश की प्रतिमा को पुष्पहार पहना कर आसपास गुलाब के फूलों की सजावट की गई। इससे मन्दिर का दृश्य काफी मनमोहक दिखाई दे रहा था। रतलाम नाका के समीप बिजली उपकेंद्र प्रांगण में स्थित श्री सिद्ध विनायक गणेश मन्दिर की 15 वी वर्षगांठ के मौके पर मंगलवार को पण्डित चन्द्रशेखर शर्मा द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।

हवन का लाभ दिलीप सिंह कछावा व वजेसिंह झाला ने सपत्नीक लिया। हवन की पूर्णाहुति के बाद महाआरती हुई। इस दौरान कई धर्मालुओं ने इसका लाभ लिया और गजानन के दर्शन किए। कार्यक्रम में महिलाएं व बच्चे भी मौजूद रहे। आरती के बाद दोपहर में भोजन प्रसादी कार्यक्रम में लोगों ने पंगत लगा कर भोजन किया।

**परेशानी** | **आए दिन दो पहिया चालक गिरकर हो रहे चोटिल**

## अमृत 2 योजना में खोदी सड़क टूटी पड़ी, धूल-कीचड़ में जीने को मजबूर लोग

नवभारत न्यूज

**जावरा।** इंदिरा कॉलोनी जावरा में अमृत 2 योजना के अंतर्गत डाली गई पाइप लाइन परेशानी का कारण बनी हुई है। योजना के तहत पाइप लाइन डालने के लिए कॉलोनी में सड़क पूरी तरह खोद दी गई।

जहां आए दिन दो पहिया चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं, वहीं भारी वाहन सड़क धंसने से गड्ढों में फंस रहे हैं। पिछले दिनों हुई वर्षा के चलते कीचड़ होने से पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। बार बार हो रही वर्षा के कारण सड़क पर कीचड़ और पानी भर जाता है, जबकि गर्मियों में धूल का गुबार उठता है।

रोजाना इसी रास्ते से गुजरने वाले स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस आशय की शिकायत कालोनी रहवासियों ने नगर पालिका को करते हुए निराकरण करने की मांग की।



दिलीप कुमार पोरवाल ने बताया कि अमृत योजना से सड़क इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति के कारण आमजन के लिए परेशानी का बड़ा कारण बन गई है। लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी इस सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो चुके हैं, जिससे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

धूल-मिट्टी का गुबार आसपास के घरों और दुकानों तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक सड़क की मरम्मत नहीं करवाई गई। खराब सड़क के कारण आए दिन वाहन फिसलने और दुर्घटनाएं होने की घटनाएं भी सामने आ रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क का पुनर्निर्माण कर आमजन को राहत दिलाई जाए।